**दिनांक : 09/07/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

ऽ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ से करेंगे बातचीत।

ऽ तीन दशक से जारी सरदार सरोवर पुनर्वास एवं पुनर्बसाहट व्यय विवाद का सर्वसम्मति से हुआ समाधान। कहा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने।

ऽ आज भिंड में अत्याधिक भारी बारिश का रेल अलर्ट, मौसम विभाग ने जताई 9 जिलों में अति भारी बारिश तो 11 जिलों में भारी बारिश की संभावना।

ऽ भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी-ट्वेंटी क्रिकेट मैच श्रृंखला का चौथा मुकाबला आज ब्रिस्टल में होगा।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री - ऑस्ट्रेलिया दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ से बातचीत करेंगे। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, रक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, शिक्षा और जन-संपर्क में सहयोग मजबूत करने पर चर्चा होने की उम्मीद है। इस बातचीत से दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिलने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम में भाग लेने और दोनों देशों के उद्योग जगत के प्रमुखों को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। वे मेलबर्न में एक प्रवासी भारतीयों से भी बातचीत करेंगे। श्री मोदी ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर तीन दिन की यात्रा पर कल शाम मेलबर्न पहुंचे। प्रधानमंत्रीने मेलबर्न में भारतीय समुदाय के गर्मजोशी से स्वागत के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया और इसे अविस्मरणीय बताया।

आईएमएफ - भारत

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष- आई.एम.एफ. के चालू वर्ष में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर के अनुमान के साथ भारत, विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में अपना स्थान बरकरार रखे हुए है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के वृद्धि अनुमान वैश्विक अनुमानों से दोगुने से भी अधिक हैं। रिपोर्ट में इस वर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 3 प्रतिशत बताई गई है। इसमें अगले वर्ष 3 दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री-पीथमपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र मध्यप्रदेश की औद्योगिक शक्ति का महत्वपूर्ण केंद्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में किसान इरिगेशन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की चौथी नवीन विनिर्माण इकाई के लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि किसान इरिगेशन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड जैसी कंपनियां प्रदेश में निवेश, रोजगार और तकनीकी प्रगति को नई दिशा दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने कंपनी प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए कहा ...

बाइट- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव - 30 सेकंड

मुख्यमंत्री-सरदार सरोवर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल सुरक्षा को सुदृढ़ करने और सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने कल कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की उपस्थिति में हुई बैठक में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच सरदार सरोवर परियोजना से जुड़े लगभग तीन दशक से जारी पुनर्वास एवं पुनर्बसाहट व्यय विवाद का सर्वसम्मति से समाधान हुआ है। इस निर्णय से मध्यप्रदेश पर पड़ने वाले वित्तीय भार में उल्लेखनीय कमी आएगी।

सेफ क्लिक 2.0 समापन

मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 24 जून से संचालित 15 दिवसीय प्रदेशव्यापी सेफ क्लिक साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान का कल सम्पन्न हो गया। भोपाल में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि तीन प्रमुख चुनौतियों- साइबर अपराध, नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता तथा सड़क सुरक्षा को सर्वाेच्च प्राथमिकता के संकल्प के अनुरूप मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सेफ क्लिक तथा नशे से दूरी है जरूरी व्यापक जन-जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं।

पुलिस महानिदेशक

15 दिवसीय अभियान का समापन समारोह खंडवा मेंें पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित किया गया। वहीं मंडला, आगर-मालवा, झाबुआ समेत अन्य जिलों में भी अभियान का समापन समारोह आयोजित किए गए।

कैबिनेट बैठक

प्रदेश मंत्रि-परिषद ने मध्य प्रदेश स्टेट डाटा सेंटर के विस्तार और अद्यतन डाटा सेंटर 3.0 परियोजना के लिए 800 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की अध्यक्षता में कल हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। कैबिनेट की मंजूरी के अनुसार मध्य प्रदेश स्टेट डाटा का आधुनिकीकरण, आईटी एवं डिजास्टर रिकवरी क्षमता विस्तार तथा संबंधित नॉन-आईटी अवसंरचना विकास किया जाएगा। प्रदेश में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस परियोजना अंतर्गत भारत सरकार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन की संयुक्त भागीदारी से भोपाल में स्टेट डाटा सेंटर की स्थापना की गई है। प्रदेश स्टेट डाटा सेंटर 12 दिसंबर 2012 से सफलतापूर्वक संचालित है।

मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा उप निरीक्षक एवं सूबेदार भर्ती परीक्षा-2025 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। मध्यप्रदेश पुलिस को 8 वर्षाें के लंबे अंतराल के बाद सूबेदार एवं उपनिरीक्षक संवर्ग के 436 पुलिस अधिकारी मिलने जा रहे हैं। मंडल द्वारा 07 जुलाई को अंतिम परीक्षा परिणाम अपनी वेबसाइट पर घोषित किया गया। इसमें 87 प्रतिशत पदों का परिणाम जारी किए गया हैं, जिसमें कुल 436 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इनमें 313 पुरुष एवं 123 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं।

प्रवेश मेला

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में रिक्त सीटों पर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 8 से 15 जुलाई तक “प्रवेश मेला” आयोजित किया जा रहा है। प्रवेश मेले के दौरान महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर पंजीयन, चॉइस फिलिंग एवं संशोधन, दस्तावेज सत्यापन, सीट आवंटन संबंधी मार्गदर्शन तथा शुल्क भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं।

टी-ट्वेंटी क्रिकेट

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी-ट्वेंटी क्रिकेट मैच श्रृंखला का चौथा मुकाबला आज ब्रिस्टल में खेला जाएगा। भारतीय समय के अनुसार यह मैच रात दस बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड, श्रृंखला में फिलहाल दो-शून्य से आगे है और श्रृंखला में बने रहने के लिए भारत को यह मैच जीतना ही होगा। इससे पहले, तीसरे मैच में भारत को इंग्लैंड से 125 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

मौसम

प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार कल पन्ना, छतरपुर, खंडवा सहित कई जिलों में कुछ स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए। नदियों और नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। भोपाल मौसम केंद्र के अनुसार, प्रदेश में अगले तीन दिनों तक बारिश का दौर जारी रह सकता है। विभाग ने आज भिंड जिले में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं राजगढ़, रतलाम, आगरमालवा, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, मुरैना, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसी के साथ विदिशा, उज्जैन, शाजापुर, मंदसौर सहित 11 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। मौसम विभाग ने शेष अन्य जिलों में भी बारिश होने की संभावना जताई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

ऽ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठकें जिला पंचायत सभागार,गुना में 13 से 15 जुलाई और 21 से 24 जुलाई तक होंगी।

ऽ गुना की तहसील कुंभराज के ग्राम बिरियाई में जिला प्रशासन द्वारा ग्राम चौपाल और सामाजिक संवाद सह रोजगार उन्मुख सम्मेलन का आयोजन किया गया।

ऽ मानसून की सक्रियता के चलते रानी अवंति बाई सागर परियोजना (बरगी जलाशय) में बीते पांच दिनों में बांध का जलस्तर 3 मीटर बढ़ गया है। 31 जुलाई से पहले बांध के गेट खोले जा सकते हैं।

ऽ शहडोल संभाग कमिश्नर ने ग्राम पंचायत मोहतरा के पोषक ग्राम चुनपथरी स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।

ऽ मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने इंदौर रेसीडेंसी कोठी पर श्आयोग मित्रोंश् के साथ मानव अधिकार संरक्षण सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की ।

ऽ मंडला जिले में 9 जुलाई को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

ऽ ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सांची जनपद के ग्राम सनखेड़ी में 2.90 करोड़ रूपये की लागत से बने 5 डट। क्षमता के नए 33/11 ज्ञट उपकेन्द्र का लोकार्पण किया। सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी मौजूद रहे।

ऽ बैतूल कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने प्रभातपट्टन तहसील के अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक शेरगढ़ किले और वर्धा डैम पहुंचकर सुरक्षा एवं पर्यटन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

-------------